<u>प्रेस नोट दिनांक 20.11.2024</u>

<u>थाना भुता जनपद बरेली।</u>

<u>थाना भुता, बरेली पुलिस द्वारा थाना भुता पर पंजीकृत मु0अ0सं0 447/2024 से संबंधित हत्या के नामित/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी किये जाने के क्रम में 25-25 हजार के 02 अन्य इनामी नामित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।</u>

आवेदिका संगीता गंगवार द्वारा थाना भुता पर तहरीरी सूचना दी कि दिनांक 5.11.2024 को अपने पति पुष्पेन्द्र पाल उर्फ पुष्पाल के साथ मोटरसाईकिल से समय करीब 4.00 बजे शाम अपने गाँव खरदाह से बरेली को आ रहे थे, तभी रास्ते में दौलतपुर पेट्रोल पम्प पर पहले से घात लगाये बैठे कुछ लोगों द्वारा अपराधिक षडयंत्र के तहत मेरे पति पर नाजायज तमंचो से जान से मारने की नीयत से ताबतोड़ कई फायर किये, जिससे मेरे पति बुरी तरीके से घायल हो गये और वही गिर गये जिससे वादिनी के पति की मृत्यु हो गयी थी। इस संबंध में थाना भुता बरेली पर मु0अ0सं0 447/2024 धारा 191 (2)/191 (3)/190/103(1)/61(2)/351(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

उच्चाधिकारियों द्वारा घटना के अनावरण हेतु पांच पुलिस टीमों का गठन किया गया, जिसके क्रम में आज दिनांक 20.11.2024 को मु0अ0सं0 447/2024 धारा 191 (2)/191(3)/190/103(1)/61(2) /351 (3) बीएनएस के 02 अन्य नामित अभियुक्तगण 1. देवेन्द्र पुत्र डोरीलाल निवासी ग्राम मौहम्मदपुर भजा थाना बीसलपुर जिला पीलीभीत 2. विपिन पुत्र रामौतार निवासी ग्राम खरदाह थाना भुता जिला बरेली को पूछताछ हेतु थाना भुता पर लाया गया था तथा बाद पूछताछ पुलिस हिरासत में लिया गया। उक्त दोनों अभियुक्त 25-25 हजार के इनामी हैं। गिरफ्तार अभियुक्तगण विपिन व देवेन्द्र उपरोक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

<u>पूछताछ-</u>

अभियुक्तों द्वारा पूछताछ के दौरान अभियुक्त विपिन द्वारा घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल/नाजायज तमंचा को पडौली नहर पर महेन्द्र पुत्र रामअवतार निवासी ग्राम गजनेरा थाना भुता जिला बरेली के खेत के पास रखे पुआल में रखना बताया, जिसमें प्रभारी निरीक्षक मय टीम एवं मय अभियुक्त विपिन बताये गये स्थान पर जाकर नाजायज तमंचो को बरामद कराया गया। तथा गिरफ्तार अभियुक्तों ने दिनांक 05.11.2024 को पुष्पेन्द्र उर्फ पुष्पाल की हत्या अपने साथियों के साथ करने की बात स्वीकार की । गिरफ्तार अभियुक्तगण विपिन व देवेन्द्र उपरोक्त उपरोक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण/अपराधिक इतिहास</u>-

1. देवेन्द्र पुत्र डोरीलाल निवासी ग्राम मौहम्मदपुर भजा थाना बीसलपुर जिला पीलीभीत उम्र 28 वर्ष । (ईनामी धनराशि-25000 रुपये)

1. मु0अ0सं0 447/2024 धारा 191(2)/191(3)/190/103(1)/61(2)/351(3) बीएनएस थाना भुता,बरेली।
2. मु0अ0सं0 501/20 धारा 363/376डी भा.द.वि व 3/4 पाक्सो एक्ट थाना बीसलपुर जिला बरेली ।

2. विपिन पुत्र रामौतार निवासी ग्राम खरदाह थाना भुता जिला बरेली उम्र 30 वर्ष। (ईनामी धनराशि-25000 रुपये)

1. मु0अ0सं0 447/2024 धारा 191(2)/191(3)/190/103(1)/61(2)/351(3) बीएनएस थाना भुता,बरेली।
3. मु0अ0सं0 280/24 धारा 308(7)/351(3) बीएनएस थाना भुता जिला बरेली ।

<u>बरामदगी-</u>

01 नाजायज तमंचा 315 बोर।

<u>पुलिस टीम-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजकुमार सिंह थाना भुता जिला बरेली
2. एसओजी प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील कुमार शर्मा जनपद बरेली
3. उ0नि0 अंकित तोमर थाना भुता जिला बरेली ।
4. उ0नि0 श्री नवीन कुमार टीम सदस्य एसओजी जनपद बरेली
5. हे0का0 1057 अवनीश टीम सदस्य एसओजी जनपद बरेली
6. हे0का0 06 राहुल टीम सदस्य एसओजी जनपद बरेली
7. का0 1864 प्रशांत टीम सदस्य एसओजी जनपद बरेली
8. हे0का0 698 देवेन्द्र कुमार थाना भुता जिला बरेली
9. हे0का0 383 संजीव कुमार थाना भुता जिला बरेली
10. का0 3439 पंकज कुमार थाना भुता जिला बरेली
11. का0 2129 अंकुश कुमार थाना भुता जिला बरेली
12. का0 1569 अजय कुमार थाना भुता जिला बरेली